दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 143
मुरादाबाद
(Sunday)
14 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मैं आपके साथ, भारत सरकार आपके साथ, मणिपुर में PM मोदी ने लोगों से की शांति के मार्ग पर चलने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चुराचांदपुर के शांति मैदान में मणिपुर जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए कई लोगों से बातचीत की। पीएम मोदी ने आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के परिवारों की चिंताओं को सुना और उन्हें राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर का दौरा किया। दो साल पहले भड़की हिंसा के बाद पीएम मोदी का यह इस पूर्वोत्तर राज्य का पहला दौरा है। उन्होंने मणिपुर के चुराचांदपुर में विभिन्न विकास

### पीएम मोदी ने सुशीला कार्की को दीं शुभकामनाएं, कहा- नेपाल में शांति-समृद्धि के लिए भारत समर्पित



कार्यों की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने मणिपुर के लोगों से वादा करते हुए कहा, %मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।% उन्होंने कहा, %मैं मणिपुर के लोगों के जज्बे को सलाम करता हूं। भारी बारिश के बावजूद आप इतनी बड़ी संख्या में यहां एकत्रित हुए हैं और मैं आपके प्यार और स्नेह के लिए तहे दिल से आभारी हूं। जब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, तो मैंने सड़क मार्ग से यात्रा करने का विकल्प चुना। सड़क किनारे लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर मेरा स्वागत किया। मुझे जो गर्मजोशी और प्यार मिला, उसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। मैं मणिपुर के लोगों के प्रति सम्मानपूर्वक अपना सिर झुकाता हूं।% %दुर्भाग्य से इस खूबसूरत क्षेत्र पर हिंसा का साया पड़ गया% प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %मणिपुर की धरती आशा और आकांक्षाओं की धरती है। दुर्भाग्य से इस खूबसूरत क्षेत्र पर हिंसा का साया पड़ गया है। कुछ समय पहले मैं राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा है। कहीं भी विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति आवश्यक है। पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में कई संघर्षों और विवादों का समाधान हुआ है। लोगों ने शांति का मार्ग चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। हमें संतोष है कि हाल ही में पहाड़ियों और घाटियों में विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूं। मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।%मणिपुर की ये धरती हौसलों और हिम्मत की धरती% उन्होंने कहा, %मणिपुर की ये धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है। ये हिल्स... प्रकृति का अनमोल उपहार हैं, और साथ ही ये हिल्स आप सभी लोगों की निरंतर मेहनत का भी प्रतीक हैं। मणिपुर के नाम में ही मणि है, ये वो मणि है, जो आने वाले समय में पूरे नॉर्थ-ईस्ट की चमक को बढ़ाने वाली है। भारत सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि मणिपुर को विकास के रास्ते पर तेजी से आगे ले जाएं। इसी कड़ी में मैं आज यहां आप सभी के बीच आया हूं। थोड़ी देर पहले इसी मंच से करीब 7 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास हुआ है। ये प्रोजेक्ट्स मणिपुर के लोगों की, यहां हिल्स पर रहने वाले ट्राइबल समाज की जिंदगी को और बेहतर बनाएंगे। सरकार मणिपुर की विकास यात्रा को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार मणिपुर की विकास यात्रा को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी भावना से मैं आज आपके बीच आया हूं। कुछ समय पहले, इसी मंच से लगभग ?7,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। ये परियोजनाएं मणिपुर के लोगों और हमारे आदिवासी समुदायों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार लाएंगी। मणिपुर की सीमा अन्य देशों से लगती है और यहां कनेक्टिविटी हमेशा से एक चुनौती रही है। मैं समझता हूं कि खराब कनेक्टिविटी के कारण आपको किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए 2014 से मैंने मणिपुर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर बहुत जोर दिया है। इसके लिए भारत सरकार ने दो स्तरों पर काम किया है। पहला- हमने रेल और सड़क परियोजनाओं के लिए बजट में कई गुना वृद्धि की है। दूसरा- हमने शहरों से गाँवों तक सड़कें बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। हाल के वर्षों में यहां राष्ट्रीय राजमार्गों पर ?3,700 करोड़ खर्च किए गए हैं और ?8,700 करोड़ के निवेश से नए राजमार्गों पर काम चल रहा है।% %सैकड़ों गांवों में यहां रोड कनेक्टिविटी पहुंचाई गई% उन्होंने कहा कि पहले यहां गांवों में पहुंचना कितना मुश्किल था, आप सभी जानते हैं। अब सैकड़ों गांवों में यहां रोड कनेक्टिविटी पहुंचाई गई है। इसका बहुत अधिक लाभ पहाड़ी लोगों को, ट्राइबल गांवों को हुआ है। हमारी सरकार के दौरान ही मणिपुर में रेल कनेक्टिविटी का विस्तार हो रहा है। जीरीबाम-इंफाल रेलवे लाइन बहुत जल्द राजधानी इंफाल को नेशनल रेल नेटवर्क से जोड़ देगी। पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब दिल्ली में लिए गए फैसलों को यहां तक पहुंचने में दशकों लग जाते थे। आज हमारा चुराचांदपुर, हमारा मणिपुर, देश के बाकी हिस्सों के साथ मिलकर प्रगति कर रहा है। जैसे हमने देश भर के गरीबों के लिए पक्के मकान बनाने की घोषणा की, मणिपुर को भी इसका लाभ मिला है। यहां लगभग 60,000 घर पहले ही बन चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को सम्मान और सुरक्षा का जीवन मिल रहा है।हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह मणिपुर की उनकी पहली यात्रा है। वे चुराचांदपुर पहुंच गए हैं। उन्होंने मणिपुर के लोगों को 8,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात के तौर पर कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया।पीएम मोदी के दौरे को लेकर पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद, आप सभी ने देखा है कि कैसे बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र हुए हैं। यह पीएम मोदी और भाजपा के प्रति लोगों के प्रेम को दर्शाता है। चुराचांदपुर में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। खराब मौसम के कारण, पीएम मोदी सड़क मार्ग से चुराचांदपुर गए। हमने पहले कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जिसने मणिपुर के लिए इतना गहरा स्नेह दिखाया हो। पीएम मोदी के मणिपुर दौरे पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने जितनी बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, वह सभी प्रधानमंत्रियों की कुल यात्राओं से भी ज्यादा है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र की आकांक्षाओं को साकार करने में लगे हुए हैं। आज मणिपुर में कई विकास कार्य शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का यही संदेश है कि 2047 तक देश के हर कोने का विकास होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर की धरती आशा और आकांक्षाओं की धरती है। दुर्भाग्य से हिंसा ने इस खूबसूरत क्षेत्र पर अपनी छाया डाल दी है। कुछ समय पहले मैं राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा है। कहीं भी विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति आवश्यक है। पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में कई संघर्षों और विवादों का समाधान हुआ है। लोगों ने शांति का मार्ग चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। हमें संतोष है कि हाल ही में पहाड़ियों और घाटियों में विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के प्रयासों का हिस्सा हैं जिनमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूं। मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर के नाम में ही %मणि% है। ये वो %मणि% है जो भविष्य में पूरे पूर्वोत्तर को जगमगाने वाला है। भारत सरकार मणिपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रयासरत हैपीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर की धरती साहस और वीरता की धरती है। मैंने सड़क पर जो दृश्य देखे, उसके लिए मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ कि आज मेरा हेलीकॉप्टर काम नहीं कर रहा था। जिस तरह से मैंने मणिपुर के युवाओं और बुजुर्गों को हाथों में तिरंगा लिए देखा, मैं इस पल को जीवन में कभी नहीं भूल सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### अब और परेशान नहीं करना चाहते, सॉरी... हम दुनिया छोड़ रहे, 13वीं मंजिल से कूदकर मां-बेटे ने किया सुसाइड

पुलिस ने जब मृतका के घर की तलाशी ली तो वहां से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। इस पत्र में साक्षी ने अपने पति दर्पण चावला के नाम लिखा था कि हम दुनिया छोड़ रहे हैंज सॉरी। हम तुम्हें अब और परेशान नहीं करना चाहते। हमारी वजह से तुम्हारी जिंदगी खराब न हो। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ऐस सिटी सोसाइटी से शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 13वीं मंजिल से कूदकर मां और बेटे ने अपनी जान दे दी। घटना में 37 वर्षीय साक्षी चावला और उनका 11 वर्षीय बेटा दक्ष चावला की मौके पर ही मौत हो गई। मां-बेटे का शव सोसाइटी के नीचे खून से लथपथ पड़ा देख लोगों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही बिसरख थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे अचानक सोसाइटी में जोरदार चीख सुनाई दी। सभी लोग घबराकर बालकनी और खिड़कियों से झांकने लगे। तभी लोगों ने देखा कि एक महिला और बच्चा नीचे जमीन पर गिरे पड़े हैं। दोनों की हालत बेहद गंभीर थी और कुछ ही सेकंड में उनकी मौत हो गई। फरी मच गई।सुसाइड नोट में लिखा सॉरी, हम दुनिया छोड़ रहे पुलिस ने जब मृतका के घर की तलाशी ली तो वहां से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ।

## चोर, उचक्के और हत्यारे बन सकते हैं नेता तो भगवाधारी क्यों नहीं, काशी में बोले बाबा बागेश्वर



पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने काशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से पूजन अर्चन किए। उन्होंने बाबा के दर्शन के बाद काफी प्रसन्नता जाहिर की। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री काशी पहुंचे। शनिवार को उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उनके साथ संतोष दास सतुआ बाबा उपस्थित रहे। दर्शन के बाद वे सतुआ बाबा आश्रम पहुंचे। यहां भारी संख्या में श्रद्धालु उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। इस दौरान पत्रकारों के कुछ सवालों पर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। नेपाल में अशांति से लेकर बांग्लादेश में नरसंहार व सनातन धर्म पर कई बड़े बयान दे डाले। कहा कि भारत को नेपाल और बांग्लादेश की घटनाओं से सबक लेना चाहिए। भारत में हिंदू एकता का कार्य बहुत जरूरी है। भारत को घोषित रूप से हिन्दू राष्ट्र बनाना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि मैं सात नवंबर से 16 नवंबर तक पदयात्रा कर रहा हूं ताकि भारत हिन्दू राष्ट्र बने। विश्व में शांति के लिए हिन्दू राष्ट्र ही एकमात्र रास्ता है। हिंदुत्व मानवता की एक विचारधारा है। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवाधारियों के राजनेता बनने के सवाल पर कहा भगवाधारी क्यों नहीं बन सकते राजनेता? उन्होंने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा आई सपोर्ट, योगी बाबा, बहुत अच्छे हैं। जिसको बुरा लगे वो हमारी हवेली पर आएं। पीएम की मां पर टिप्पणी को लेकर पं धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि सबकी मां पूज्यनीय हैं, सबका सम्मान होना चाहिए। किसी भी मां के लिए किसी भी व्यक्ति को निंदनीय शब्द नहीं बोलने चाहिए। बाबा बागेश्वर ने कहा कि मैं बिहार के गया जा रहा हूं। बिहार मेरा घर है, मैं चुनाव के लिए नहीं जा रहा हूं। पितरों के तर्पण के लिए गया जी जाना चाहिए। भाजपा के पक्ष में होने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं सच्चा सनातनी हूं। सनातन की बात करता हूं किसी पार्टी की नहीं।

## RML स्थापना दिवसः सीएम योगी ने डॉक्टरों को किया सम्मानित, बोले- हर मरीज के साथ करें अच्छा व्यवहार



लखनऊ में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर मरीज के साथ डॉक्टरों का व्यवहार अच्छा हो। हर मरीज को अच्छी सुविधा मिले।राजधानी लखनऊ में शनिवार को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा शामिल हुए। इस मौके पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डॉक्टरों का व्यवहार मरीजों के लिए काफी अहम होता है। गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर मिल जाए। वार्ड बॉय उनकी मदद करें।संस्थान के वाहन से शव पीड़ितों के घर तक पहुंचा दें उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की दुखद मौत हो जाती है, तो संस्थान के वाहन से शव उसके घर तक पहुंचा दें। हमारे पास वाहन नहीं है तो संस्थान एक वाहन खरीद लें। निजी एंबुलेंस जो मरीजों को निजी अस्पताल ले जाती हैं, इन पर रोक लगनी चाहिए। पेशेवर ब्लड डोनेशन करने वाले लोग मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इस पर भी रोक लगे। सीएम ने आगे कहा कि लोगों ने सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया। विकास किस तरह बाधित हो जाता है। ये हमने पड़ोसी देश में देखा। आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। तमाम घुमंतू जातियां अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। हमें उन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। जमीन मिलने पर होगा विस्तार उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए दूरदर्शन से बात चल रही है। वो जमीन मिलने से यहां का विस्तार हो सकेगा। यह जमीन संस्थान के पास ही उपलब्ध है।

## संपादकीय Editorial

### Now it is not a movement, but a violent crime


The movement of Nepal's youth is understandable, the issues and demands are also valid, but the way this rebellion has become violent and destructive, it can never be accepted in a democratic society. It seems as if the youth want to burn the entire Nepal to ashes and establish a new system in its place! Destruction is not necessary for any construction. The personal residences of those who were the President, Prime Minister and Ministers of Nepal till yesterday were burnt. Why…what was the crime of their family members? The houses of former Prime Ministers - Sher Bahadur Deuba, Jhalanath, Prachanda, Baburam Bhattarai - were also set on fire. Deuba was even beaten up badly in the middle of the road. Former Prime Minister Jhalanath's wife Rajlakshmi was burnt alive. She died later. What was her fault? The Finance Minister was chased and beaten. The houses of the Home, Communication, Foreign Ministers etc. were also set on fire. Is this a movement? All of them were the people's representatives of Nepal. The people of Nepal had given the mandate. If they were corrupt, promiscuous and anti-people, then the movement forced them to resign. Ultimately, the court will deliver justice. Their houses were turned into ruins or burnt to ashes. What will the agitating youth gain from this? How will they get employment and food? How will inflation and hunger be reduced? Ultimately, how will Nepal get justice? Blinded by anger and rage, the protesting generation engulfed the Parliament House, the Supreme Court and the 'Singh Durbar', the symbol of Nepal's historical, cultural and political identity, in flames. If Generation Z needed justice, it was possible only from the Supreme Court. Thankfully, personal attacks were not made on the judges! The Parliament House has been the highest temple of Nepal's republican form. Now new elections will be held, young faces will also be elected as MPs, so where will they sit and make laws for the country or in which house will they be able to debate on issues and problems? The protesters vandalised and looted police stations, banks and malls. How are these institutions guilty and responsible for the pitiable condition of Nepali youth? We feel that now this is not a movement but robbery and violent crime. Now many armed faces are seen leading the movement. Was there a call for armed revolution? The rioters were about to enter the 'Jyotirlinga' Pashupatinath temple as well, but the army somehow controlled them and dispersed them. Now it seems that the entire protesters want to burn down the entire Nepal so that a new Nepal, a new system can be created. Domestic and international flights from Kathmandu airport had to be stopped. Air India and Indigo flights have also been affected. About 700 Indian passengers are stranded. The Ministry of External Affairs has issued an appeal to postpone the Nepal visit for the time being. Prime Minister Modi had to immediately call a meeting of the Cabinet's Security Committee. The committee discussed security related aspects. Additional security forces have been deployed in the areas along the Nepal border. Intensive investigation is being done. India supplies 600 megawatt electricity to Nepal and meets 90 percent of its petrol and diesel needs. India's trade with Nepal is multi-level. Intelligence agencies have been ordered to keep a close watch in view of security. However, now the Nepali army is active on the roads. Some criminal type agitators have also been detained. The situation in Nepal has become more horrific and dangerous than Sri Lanka and Bangladesh. For now, Nepal will be run under the reins of the army, but some arrangement like an interim government will have to be made. Politics has also started for the caretaker Prime Minister.

# How much should we trust Trump? Trump has already shown that trusting him is dangerous

It is clear that Trump first creates pressure by making unreasonable statements and then changes his attitude when he sees that things are not working out. Therefore, India will have to be cautious and focus on the preparations under which a strategy is being made to counter the American tariff. This post of US President Trump in the matter of relations with India and tariff confirms his changed attitude that I am happy to inform that India and America are continuing talks to remove trade barriers between the two countries and I am looking forward to talking to my very good friend Prime Minister Modi in the coming time. He also expressed confidence that there will be no difficulty in reaching a successful conclusion for both the great countries. On this positive post of his, the Indian Prime Minister also posted to the effect that our teams are working to complete this conversation soon. He also expressed eagerness to talk to President Trump. Now the wait is for when the representatives of both the countries complete the ongoing talks on the bilateral trade agreement and reach a successful conclusion. Probably only when this happens will there be talks between the heads of the governments of the two countries. Although this can happen earlier also to break the deadlock, but until the issue of tariff is resolved, too much should not be expected. This should not be expected despite the fact that this is the second time in recent times that Trump has said that there is nothing to worry about in terms of relations between the two countries. The American President cannot be trusted much because just yesterday he asked the European community to impose 100 percent tariff on India and China, because both are buying oil from Russia. He also indicated that if the countries of the European community do this, then America can also follow them. It cannot be ignored that his advisor on trade matters Peter Navarro is running his propaganda campaign against India. It is right that now the American President is calling India a great country, but it is not long ago when he was calling the Indian economy a dead economy and was taking a dig at India after the SCO summit. Since it is clear that Trump first creates pressure by making unreasonable statements and then changes his attitude when he sees that things are not working out, India must remain cautious and focus on the preparations under which a strategy is being made to counter the American tariffs. Under this strategy, along with accelerating the campaign to adopt Swadeshi, initiatives are also being taken to make the country self-reliant. This initiative should continue, because Trump has already expressed that trusting him can be dangerous.

# An initiative to transform the economy, microchip is not just an electronic part, but the heartbeat of the entire economy

The basis of competition in the semiconductor industry is research. India will have to connect its IITs, NITs and private universities with chip design and research. The government will have to provide financial assistance and tax exemption to startups and research centers working on new technologies. The microchip industry is being considered the biggest game changer in the pace at which India is moving towards technological progress today. Digital Diamond has raised a big hope for the Indian economy trying to recover from the additional tariff imposed by the US and has also attracted the attention of foreign investors. At the recently held Semicon India 2025 conference, Electronics and Information Technology Minister Ashwini Vaishnav presented a completely indigenous 32-bit micro chip to Prime Minister Narendra Modi. By making it in just 30 months, a major achievement has been achieved towards semiconductor self-reliance. In today's world, microchip is not just an electronic part, but the heartbeat of the entire economy. Chips are required everywhere: mobiles, laptops, automobiles, defense equipment, medical machines. Without them, our everyday gadgets and machines are incomplete. Smartphones, laptops, TVs, smartwatches, internet speed, etc. all run on semiconductors. Modern vehicles are now completely based on electronic systems, especially in electric vehicles, chips are very important for battery management, sensors and navigation. Chips are also needed in many advanced machines used in the health sector such as MRI, CT scan, etc. Large power plants, 5G networks, artificial intelligence and cloud services all run on the basis of semiconductors. India imports semiconductors and electronic chips worth more than $20 to $25 billion every year. This picture may change in the coming years, because under the new mission, India can make its own semiconductors. India's aim is not only to meet domestic needs, but also to make a large share of its share in the world's semiconductor market. India's semiconductor market was $38 billion in 2023, which increased to $40-50 billion in the financial year 2024-25. By 2030, this market will be more than one trillion dollars. If India gets even a five to 10 percent share of this, then the country's GDP can increase by two to three percent. This will accelerate India's growth into a five trillion dollar economy. Four new semiconductor projects have been launched, while six projects are in the process of being launched with the help of foreign direct investment. Today, India is ready to challenge the mastery of countries like Taiwan, Korea, America, China etc. Globally, Taiwan's contribution is 66 percent, South Korea's 17 percent and China's eight percent. Thousands of engineers, technicians and operators are required in a state-of-the-art plant to make microchips. Silicon wafers, chemicals, special gases and packaging materials are used in chip manufacturing. For their supply and management, small and big industries and companies will be connected across the country, which will generate crores of indirect employment opportunities. India is already a strong center of the world in IT and chip design. Lakhs of high-skilled jobs will be available in the field of chip design, testing and software engineering. A large number of people will also get employment in areas such as transportation, warehousing, security, cleaning and technical services related to the microchip industry. To establish dominance over the market of the semiconductor industry, it is necessary that special courses, training centers and research institutes should be developed for the semiconductor industry, through which not only trained human resources will be prepared, but a large number of new jobs will also be created in the education sector as teachers, researchers and trainers. The semiconductor industry also consumes huge amounts of water and electricity. India will have to pay attention to environmental balance along with the development of this industry. For this, green energy, recycling and pollution control measures will have to be given priority. India will have to build special industrial areas. Chip manufacturing is a highly technical process, which requires trained engineers and technicians. For this, India will have to start special courses related to semiconductors in engineering colleges, ITI and universities. Training and cooperation from foreign experts will also be necessary, so that human resources can be prepared as per global standards. The basis of competition in the semiconductor industry is research. India will have to connect its IITs, NITs and private universities with chip design and research. The government will have to provide financial assistance and tax exemption to startups and research centers working on new technologies. The microchip industry is being considered the biggest game changer in the pace at which India is moving towards technological progress today. This will not only reduce chip imports, but due to the reduction in price, we will also be ahead in gaining an edge in the domestic and foreign markets. This will also pave the way for making the country developed by 2047.



# दशहरे से पहले सहरसा-अमृतसर के बीच दौड़ेगी अमृत भारत एक्सप्रेस, पंजाब-बिहार के लिए चलेंगी ट्रेनें

दशहरे से पहले अमृतसर से बिहार के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू होगी। इसका उद्घाटन 15 सितंबर को सहरसा से किया जाएगा। यह ट्रेन चंदौसी, मुरादाबाद और रुड़की में रुकेगी और यात्री जनरल टिकट से सफर कर सकेंगे।पंजाब से बिहार के बीच सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे ने तोहफा दिया है। दशहरे से पहले अमृतसर के छहेतरा से बिहार के सहरसा के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस दौड़ने लगेगी। 15 सितंबर को इस ट्रेन का उद्घाटन सहरसा से किया जाएगा। मंडल में चंदौसी, मुरादाबाद व रुड़की स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। लोगों को पंजाब से बिहार के बीच सफर करने के लिए आरक्षण कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जनरल टिकट लेकर इस ट्रेन में सफर कर पाएंगे। हालांकि रेलवे ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि ट्रेन सप्ताह में कितने दिन दौड़ेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन के दिन सहरसा से दोपहर 3ः30 बजे चलेगी।अगले दिन दोपहर दो बजे मुरादाबाद में 10 मिनट के लिए ठहरेगी। इसके बाद रुड़की होते हुए देर रात दो बजे छहेतरा पहुंचाएगी। ट्रेन के नियमित संचालन की तारीख और समय सारिणी जल्द ही घोषित की जाएगी। जालंधर समेत छह स्टेशनों पर रुकेगी क्लोन एक्सप्रेस अमृतसर से जयनगर के बीच चलने वाली क्लोन एक्सप्रेस 21 सितंबर से जालंधर कैंट समेत छह स्टेशनों पर रुकेगी। प्रत्येक स्टेशन पर ट्रेन का दो मिनट का ठहराव होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि (04651/52) क्लोन एक्सप्रेस जलंधर कैंट, लुधियाना, फेफना, बलिया, सहतवाड़, बकुल्ह स्टेशनों पर दो-दो मिनट के लिए रुकेगी। मुरादाबाद होकर पंजाब-बिहार के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें पंजाब व बिहार के बीच मुरादाबाद होकर दो स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पहली ट्रेन (05505-06) बढ़नी से पंजाब के अमृतसर के लिए 24 सितंबर से चलेगी। बरेली व मुरादाबाद स्टेशन पर ठहराव के साथ 27 नवंबर तक इसका संचालन होगा। दूसरी ट्रेन (05301-02) मऊ से अंबाला के लिए दो अक्तूबर से 28 नवंबर तक चलेगी। बरेली व मुरादाबाद स्टेशन पर इसका भी ठहराव होगा।



# लापरवाही पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद से रिलीव

मुरादाबाद- विकास भवन सभागार में आयोजित मासिक विकास समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण की अनुपस्थिति पर डीएम अनुज सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें जनपद से रिलीव करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया। चंद्रभूषण की मूल तैनाती संभल जिले में है और उन्हें शासन द्वारा मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि चंद्रभूषण को हर सप्ताह बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को मुरादाबाद में मौजूद रहकर विभागीय कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए थे। विभागीय योजनाओं की कमजोर प्रगति और बैठक से अनुपस्थिति उनकी गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को भी सख्त निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले सभी कार्यों में वित्तीय नियमों का कड़ाई से पालन हो। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्राम प्रधानों को किसी भी सरकारी योजना से संबंधित धनराशि अपने निजी खाते में रखने का अधिकार नहीं है और ऐसा करना वित्तीय अनियमितता व सरकारी धन के दुरुपयोग के अंतर्गत आएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग, कृषि रक्षा रसायन, पीएम-कुसुम योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), दुग्ध मूल्य भुगतान, दिव्यांगजन पेंशन, गन्ना मूल्य भुगतान, सहायक उपकरण वितरण, आबकारी, ओडीओपी, कन्या विवाह सहायता योजना और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण सहित कई योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।गोशालाओं को काऊ-बेस्ड फार्मिंग हब के रूप में विकसित करें डीएम ने उप निदेशक कृषि और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले की गोशालाओं को काऊ-बेस्ड फार्मिंग हब के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में एकत्र गोबर और गोमूत्र से आधुनिक तकनीक के आधार पर जैविक उर्वरक तैयार कराए जाने की बात पर जोर दिया है। इसके साथ ही गोशालाओं के आसपास खेती करने वाले किसानों को जैविक उर्वरक के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाने को कहा। लाभार्थियों को करें प्रशिक्षित जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित कैंपों में चिन्हित दिव्यांगजनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण उपलब्ध कराते समय उनके सही उपयोग के बारे में लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि दिव्यांगजन इन उपकरणों का अधिकतम लाभ उठा सकें।




# 500 KM दूर प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, होटल के कमरे में पति ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ा; जमकर की पिटाई

प्रेमी को मिलने के लिए कोतवाली क्षेत्र में होटल में बुला लिया। महिला के पति के करीबी ने उसे देख लिया और इसकी जानकारी पति को दे दी।

इसके बाद पति उसे तलाश करते हुए होटल में पहुंच गया।राजस्थान के युवक ने नागफनी क्षेत्र की शादीशुदा महिला से फेसबुक के जरिए दोस्ती कर ली। महिला के बुलाने पर युवक उसे मिलने के लिए करीब 500 किलोमीटर की दूरी तय कर मुरादाबाद आ गया। महिला उसे कोतवाली क्षेत्र के एक होटल में ले गई। इस दौरान पति भी पीछा करते हुए होटल में पहुंच गया और दोनों को कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद युवक की पिटाई की। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस होटल पहुंच गई। युवक और महिला को कोतवाली ले गई। यहां घंटों चली पंचायत के बाद महिला अपनी मां के साथ चली गई।दिल्ली में रहकर ग्राफिक डिजाइनिंग करता है प्रेमी नागफनी क्षेत्र में रहने वाली युवती की शादी 15 साल पहले अमरोहा जिले के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी।

दंपती के दो बेटे हैं। एक की उम्र 13 और दूसरे बेटे की उम्र 10 साल है। करीब पांच साल पहले फेसबुक से राजस्थान के टोंक जिले के युवक से दोस्ती हो गई। युवक दिल्ली में रहकर ग्राफिक डिजाइनिंग करता है। फेसबुक पर दोनों चैटिंग करते थे। उन्होंने एक दूसरे के नंबर ले लिए। इसके बाद कभी महिला दिल्ली में युवक से मिलने जाती तो कभी युवक अमरोहा में आकर महिला से मिलता था। काम होने की बात कर निकलती थी महिला महिला अपने पति और बच्चों से जरूरी काम होने की बात कहकर घर से निकल जाती थी।

वह घंटों गायब रहती और फिर वापस आ जाती थी। पति को महिला पर शक होने लगा। उसने पत्नी की निगरानी शुरू कर दी। निगरानी बढ़ने पर महिला अपने प्रेमी से बात नहीं कर पा रही थी। इसके बाद करीब दो माह पहले वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर मायके आकर रहने लगी। पति के करीबी ने दी जानकारी- शुक्रवार को उसने प्रेमी को मिलने के लिए कोतवाली क्षेत्र में होटल में बुला लिया। महिला के पति के करीबी ने उसे देख लिया और इसकी जानकारी पति को दे दी। इसके बाद पति उसे तलाश करते हुए होटल में पहुंच गया। यहां होटल के कमरे में महिला और उसका प्रेमी आपत्तिजनक हालत में थे। पति ने दोनों की जमकर पिटाई की और पुलिस को बुला लिया। पति सब भूलकर अपनाने को तैयार पुलिस दोनों को पकड़ कर थाने ले गई। इसकी जानकारी मिलने पर महिला के बेटे और मायके वाले भी आ गए। महिला को घर चलने को कहा तो उसने साथ जाने से इनकार कर दिया और प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। पति सब कुछ भूलकर उसे साथ ले जाने को तैयार रहा लेकिन महिला नहीं मानी। बाद में महिला अपनी मां के साथ चली गई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# मुरादाबाद के दो -रामपुर के तीन वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट पर सख्ती

मुरादाबाद- मुरादाबाद और रामपुर जिलों के वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट अब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कड़ी निगरानी में आ गए हैं। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार मंडल के इन दोनों जनपदों में संचालित 5 प्लांट मानक नियमों के अनुसार वेस्टेज का उपचार (ट्रीटमेंट) नहीं कर पा रहे हैं, जिससे स्थानीय जल स्रोतों और पर्यावरण पर खतरा बढ़ना माना जा रहा है। इसके लिए बोर्ड ने अब क्षेत्रीय अधिकारी को खुद जाकर निरीक्षण करने के लिए कहा है। गुरुवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ ने इसे गंभीरता से लिया है। क्षेत्रीय अधिकारी के लिए निर्देश हैं कि वह मुरादाबाद के दो और रामपुर के तीन वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का मौके पर निरीक्षण करें। गुणवत्ता, उपकरणों की कार्यप्रणाली तथा उत्सर्जित पानी के मानक स्तर की जांच की जाएगी। बोर्ड ने सप्ताह भर के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि वेस्टेज ट्रीटमेंट मानकों के अनुरूप न होने से नदियों और भूजल का प्रदूषण बढ़ सकता है।

# मुठभेड़ का डर: हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड का आरोपी मां- वकील के साथ पहुंचा पुलिस दफ्तर, कई दिन से चल रही थी तलाश

हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान हत्याकांड में आरोपी लकी यादव ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर एसपी देहात के सामने सरेंडर कर दिया। उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी थीं। आरोपी अपनी मां और वकीलों के साथ कार से पहुंचा और बाद में कटघर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान हत्याकांड के आरोपी लकी यादव ने एनकाउंटर के डर में शुक्रवार की दोपहर पुलिस ऑफिस पहुंचकर एसपी देहात के सामने सरेंडर कर दिया। हैरानी की बात है कि पुलिस की चार टीमें उसकी तलाश में जुटी थी बावजूद इसके वह अपनी मां और वकीलों के साथ कार में सवार होकर पुलिस ऑफिस पहुंच गया।इसकी मौके पर पहुंचकर और आरोपी को हिरासत है। घटना वाले दिन आरोपी लकी यादव उसकी लोकेशन सनी दिवाकर को दे रहा के पास हिंदू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना साथ स्कूटी से भदौड़ा दुर्गेश नगर स्थित चौहान के भाई संजय ने मोहल्ले में रहने विक्की दिवाकर, निहाल वाल्मीकि, सुभाष केस दर्ज कराया था। मंगलवार की दोपहर सनी के दोनों पैरों में गोली मारकर उसे इलाज चल रहा है। पुलिस ने मंगवार को दिया था। इस मामले में मझोला के कश्यप के नाम सामने आए थे। पुलिस करीब 12 बजे आरोपी लक्की यादव कार



जानकारी मिलने पर कटघर थाने की पुलिस में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही की बाइक से कमल चौहान का पीछा कर था। रविवार की शाम दस सराय पुलिस चौकी एवं हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान की हत्या की के समय वह अपने दोस्त विशाल शर्मा के अपने घर लौट रहा था।इस मामले में कमल वाले हिस्ट्रीशीटर सनी दिवाकर, मोनू पाल, यादव, नकुल यादव के खिलाफ हत्या का पुलिस ने कटघर क्षेत्र के गोट के जंगल में दबोच लिया था।मेरठ मेडिकल कॉलेज में उसका उसकी पत्नी पूजा को गिरफ्तार कर जेल भेज जयंतीपुर निवासी लकी यादव और अनमोल इनकी तलाश में जुटी है। शुक्रवार की दोपहर में अपनी मां, परिवार वालों और कुछ वकीलों के साथ पुलिस ऑफिस पहुंच गया। वह कार से उतरकर सीधे एसएसपी कार्यालय में पहुंच गया लेकिन उस वक्त एसएसपी मौजूद न होने के कारण आरोपी एसपी देहात के कार्यालय में पहुंच गया। उसने सरेंडर कर दिया।इसकी जानकारी मिलने पर कटघर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी लक्की यादव संभल जिले के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के पछैता गांव निवासी है। मझोला के जयंतीपुर में अपनी मौसी के घर रहता है। उससे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शादियों में खाना पकाने वाले बावर्ची की गोली मारकर हत्या...सिर और शरीर पर मिले ऐसे निशान, चार भाइयों पर FIR

घटना के बाद मौके पर ही फहीम की मौत हो गई। मृतक फहीम के भाई एजाज की तहरीर पर पड़ोस में रहने वाले जाकिर, जाहिद, वाहिद, शाहिद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उत्तर प्रदेश के अमरोहा में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने शुकवार की रात शादियों में खाना पकाने वाले बावर्ची फहीम (35) की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस से जांच पड़ताल की। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। एसपी अमित कुमार आनंद ने घटनास्थल का मुआयना किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने भी मौके पर सबूत जुटाए। मामले में पुलिस ने चार सगे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। मृतक बावर्ची फहीम अमरोहा नगर के मोहल्ला चकली में रहने वाले दिवंगत महबूब के बेटे थे। फहीम शादियों में खाना पकाने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी शहजादी के अलावा तीन बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक पड़ोस में रहने वाले वली अहमद के परिवार से पुरानी रंजिश चल रही है।शुक्रवार की रात करीब 9ः15 बजे फहीम अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वह मोहल्ला काजीजादा में चांद सूरज इमामबाड़े के पास पहुंचे, तभी वली अहमद के बेटे जाकिर, जाहिद, वाहिद और शाहिद ने फहीम पर हमला कर दिया और गोली मारकर हत्या कर दी। फहीम के सिर पर चोट के निशान मिले। जबकि, शरीर पर छर्रों के निशान भी हैं।घटना में फहीम की मौके पर मौत हो गई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकले। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली इंस्पेक्टर पंकज तोमर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। जानकारी मिलते ही एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ सिटी शक्ति सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ की और मृतक फहीम के परिजनों से भी घटना के बारे में जानकारी जुटाई। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले में मृतक फहीम के भाई एजाज की तहरीर पर पड़ोस में रहने वाले जाकिर, जाहिद, वाहिद, शाहिद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक और आरोपियों के परिवार के बीच पुरानी रंजिश क्या चल रही है, इसका पता लगाया जा रहा है।

### बार चुनाव में मारपीट, 40 दिन बाद पांच अधिवक्ताओं पर केस, वकीलों ने जुलूस निकालकर जताया विरोध

मुरादाबाद बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी चुनाव परिणाम के बाद हुई मारपीट मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने महासचिव पद के उम्मीदवार समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने चुनावी रंजिश में मारपीट और फायरिंग करने का आरोप है। केस दर्ज होने के विरोध में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला। मुरादाबाद दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव के परिणाम आने के बाद हुई मारपीट के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने कार्रवाई की है। अधिवक्ता चक्रेश लोहिया की तहरीर पर पुलिस ने महासचिव पद के उम्मीदवार रहे राजीव चौधरी समेत पांच नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज किया गया है।केस दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद कार्य नहीं करेंगे। हालांकि बार अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य किया है।सिविल लाइंस के साईं रेजीडेंसी निवासी चक्रेश लोहिया ने राजीव चौधरी, दुष्यंत चौधरी, अरशद, मोआर्ज्जन, विश्वास गुंबर और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है जिसमें उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2025 की रात करीब साढ़े बजे दुष्यंत चौधरी ने उन्हें कॉल कर जिला पंचायत के बाहर बातचीत करने के लिए बुला लिया। आरोप है कि यहां राजीव चौधरी और अन्य लोग कार में सवार होकर आ गए। उन्होंने घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। आरोप है कि उन्हें चुनाव की रंजिश में पीटा गया है। वकीलों ने जिला जज को भेजा पत्र शुक्रवार को अधिवक्ता राजीव चौधरी और अन्य अधिकारियों पर केस दर्ज होने की जानकारी मिलने पर साथी वकील भड़क गए। उन्होंने विरोध जताते हुए जुलूस निकाला। मामले में बार की ओर से जिला जज को पत्र भेजा गया जिसमें लिखा गया है कि वकील न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# संयुक्त ऑल प्रेस पत्रकार एसोसिएशन भारत का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन ब पत्रकार सम्मान समारोह भुता में सम्पन्न हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच/ शेर सिंह/ भुता। संयुक्त ऑल प्रेस पत्रकार एसोसिएशन भारत का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन ब पत्रकार सम्मान समारोह कस्बा भुता में राजेश कुमार गंगवार के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। जिसमें हरदेव अवस्थी को पत्रकार एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष, सनोज कुमार पंछी को प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है।इसके अलावा संयुक्त ऑल प्रेस पत्रकार एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीयअध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव द्वारा प्रदीप सिंहा को जिला बरेली का जिलाअध्यक्ष, सुमित अवस्थी को जिलाउपाध्यक्ष,





संजय त्रिपाठी को मंडल मीडिया प्रभारी, पंकज यादव को जिला महामंत्री, राजेश कुमार गंगवार को जिला कोषाध्यक्ष, शेर सिंह को जिला संयुक्त सचिव, सोनू सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य, निखिल वर्मा को जिला महासचिव, मोहित अवस्थी को जिला प्रभारी, प्रदीप कुमार को जिला सचिब वीरसेन गौतम को जिला कार्यकारिणी सदस्य, संतोष कुमार को मंडल उपाध्यक्ष सहित 15 लोगों का गठन किया गया है। पत्रकार सम्मेलन में आए राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव तथा प्रदेश अध्यक्ष सनोज कुमार पंछी ,तथा उनके साथ आए हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र श्रीवास्तव का सभी ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू श्रीवास्तव ने पत्रकारों के संगठन के बाद सभी पत्रकारों को परिचय कार्ड ब सम्मान पत्र भी वितरित किए गए।और सभी उपस्थित पत्रकारों को फूलमालाओं से जोरदार स्वागत भी किया गया। इस मौके पर प्रधान डालचंद ,धर्मपाल गग़बार,जितेंद्र सिंह तोमर ,जीतू ,गजेंद्र मौर्य,रामकृष्ण ,सहित दर्जनों शामिल रहे।

# सड़क पर सांड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र में पत्नी को लेकर ससुराल जा रहे कारपेंटर की बाइक सड़क पर सांड़ टकरा गई, जिससे कारपेंटर की मौत हो गई। उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को घर पर ले आए। घायल महिला को उपचार के बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हाफिजगंज थाने के गांव कुवरपुर बंजरिया निवासी अशफाक ( 40 वर्ष ) अपनी पत्नी गुलनाज के साथ बाइक से ससुराल गांव लाडपुर जा रहे थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह हाफिजगंज पार कर कर्बला के समीप पहुंचे थे। इसी बीच अचानक सड़क पर आए सांड़ से बाइक टकरा गई। हादसे में अशफाक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी गुलनाज गंभीर घायल हो गई। उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 287610 घादों का सुलह समझौते के आधार पर हुआ सफल निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में आज जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ देवी सरस्वती एवं गणेश भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियाँ, अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं लंबित वादों का निस्तारण कराया। अपर जनपद न्यायाधीश निकुन्ज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 287610 वादों का सफल निस्तारण कर 296074795 रुपये की धनराशि का आदेश पारित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सत्र न्यायालय द्वारा 485 वादों का निस्तारण कर 7300 रुपये की जुर्माना राशि, दीवानी न्यायालयों द्वारा 67162 वादों का निस्तारण कर 2952285 रुपये की जुर्माना राशि, फौजदारी न्यायालयों द्वारा 5086 वादों का निस्तारण कर 1449460 रुपये की जुर्माना धनराशि का आदेश पारित किया गया। लोक अदालत में गिले शिकवे दूर कर पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 170 जोड़ों के मध्य समझौता कराया गया। प्रधान न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा 29 वादों में आपसी समझौता कराया गया, जिसमें से 8 दम्पतियों को सुलह समझौते के साथ विदा किया, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह द्वारा 25 वादों का, छाया नैन द्वारा 58 वादों का व ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी द्वारा 58 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण द्वारा 214 वादों का निस्तारण कर 107507000 रुपये की समझौता धनराशि, वाणिज्यिक न्यायालय ?द्वारा 9 वादों का निस्तारण कर 13847995 रुपये की समझौता धनराशि का आदेश पारित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में 41061 वादों का, सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा 1051 मामलों का निस्तारण कर 1020800 रुपये की समझौता राशि, पुलिस विभाग द्वारा 134053 मामलों का जिसमें 34413 ई चालानों का निस्तारण कर 37806600 रुपये की जुर्माना राशि, कैनाल न्यायालय द्वारा 6 मामलों का निस्तारण कर 500 रुपये की समझौता राशि, उपभोक्ता फोरम द्वारा 8 वादों का निस्तारण कर 240888 रुपये की समझौता राशि, श्रम न्यायालय द्वारा 19 वादों का निस्तारण कर 22083030 रुपये की समझौता राशि, श्रम कार्यालय द्वारा 19 वादों का निस्तारण कर 20552937 रुपये की समझौता राशि, बी.डी.ए. द्वारा 6 वाद, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1348 मामलों का, नगर निगम द्वारा 10489 मामलों का निस्तारण किया गया तथा भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा 23 मामलों का निस्तारण कर 60000 रुपये की समझौता धनराशि एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 18571 मामलों के निस्तारण का आदेश पारित किया गया। श्रम न्यायालय द्वारा ई-डिस्ट्रिक पोर्टल पर लम्बित 6412 मामलों का भी निस्तारण किया गया। प्राधिकरण बरेली के अपर जनपद न्यायाधीश उमा शंकर फहार ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में 2 जगह बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा बैंक ऋण से संबंधित 1418 वादों का निस्तारण किया गया



# श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की 36वीं वाद- विवाद प्रतियोगिता में अथर्व और कृतिका को मिला पहला स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से 36वीं वार्षिक अंतर विद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता शनिवार (13 सितंबर 2025) को एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित हुई। विषय के पक्ष में संभाषण के लिए एसआर इंटरनेशनल के छात्र अथर्व अग्रवाल और विपक्ष में संभाषण के लिए द गुरु स्कूल की छात्रा कृतिका गंगवार को पहले स्थान के लिए चुना गया। विजेताओं को श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ऋचा मूर्ति जी, उषा गुप्ता जी, ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा और श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डा.प्रभाकर गुप्ता, रिद्धिमा सेंटर हेड आशीष कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक अंतर विद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता 2025 में %सोशल मीडिया के प्रयोग की न्यूनतम सीमा होनी चाहिए% विषय पर 19 स्कूलों के 38 विद्यार्थियों ने इसके पक्ष और विपक्ष में मजबूत तर्कों के साथ अपनी-अपनी राय रखी। प्रतियोगिता में संभाषण के लिए सभी को पांच-पांच मिनट का समय दिया गया। निर्णायक डा. सौरभ गुप्ता, डा.कमलेंद्र कुमार और इंजीनियर अश्विनी चौहान ने प्रतियोगियों के तर्कों, उनकी संभाषण कला, भावों, वाकपटुता और समय सीमा के आधार प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन किया और इसकी घोषणा की। विषय के पक्ष में संभाषण के लिए एसआर इंटरनेशनल के छात्र अथर्व अग्रवाल प्रथम, द गुरु स्कूल की वर्तिका गुप्ता दूसरे और जीआरएम दोहरा रोड की वैष्णवी सिंह को तीसरा स्थान हासिल हुआ। सेक्रेड हार्ट्स की जान्वी सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। विपक्ष में संभाषण के लिए द गुरु स्कूल की छात्रा कृतिका गंगवार पहले स्थान पर रहीं। जीआरएम दोहरा रोड की अपर्णा मिश्रा को दूसरा और एसआर इंटरनेशनल की सांची कोहली को तीसरा स्थान मिला। राधा माधव पब्लिक स्कूल के निशांत पाठक को सांत्वना पुरस्कार हासिल हुआ। विषय के पक्ष में दूसरा स्थान (वर्तिका गुप्ता) और विषय के विपक्ष में पहला स्थान (कृतिका गंगवार) मिलने की वजह से द गुरु स्कूल को बेस्ट कॉलेज चुना गया। इसके लिए चल वैजयंती एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा दो अक्टूबर को इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित श्रद्धांजलि दिवस समारोह में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्ट की डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर रुचि शर्मा, स्कूलों के कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे।


# रुहेलखंड विश्वविद्यालय सांस्कृतिक गतिविधियों की योजनाओं के कार्यान्वयन परिचर्चा सत्र का आयोजन किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली में आज विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के कल्चरल क्लब तथा रानी अवंती बाई महिला महाविद्यालय बरेली के संगीत विभाग के शिक्षकों के मध्य विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों की विभिन्न विधाओं गायन, वादन और नृत्य आदि से संबंधित विभिन्न विषयों




पर एवं भविष्योन्मुखी कार्यक्रमों के आयोजन विषयक परिचर्चा की गई है। ज्ञातव्य है कि कुलपति प्रो. के.पी. सिंह जी के निर्देशन में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र एवं रानी अवंती बाई महिला महाविद्यालय के मध्य सहमति अनुबंध हुआ था जिसके अंतर्गत दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक गतिविधियों संबंधी अंतरक्रियाएं की जा रही है और इसी परिप्रेक्ष्य में कल्चरल क्लब के संगीत और डांस क्लब के विद्यार्थियों के साथ इस विषयक चर्चा भी की गई। उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. संध्या रानी शाक्य द्वारा विद्यार्थियों को संगीत की विभिन्न विधाओं की विषय में बताया गया तथा विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभागिता हेतु सूचना दी गई और प्रोत्साहित भी किया गया ।इसके साथ ही साथ विभिन्न अन्य संस्थाओं द्वारा भविष्य में करवाई जाने वाली गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और युवा महोत्सवों में प्रतिभागिता हेतु भी विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए गए और इसकी तैयारी भी आने वाले समय में करवाना सुनिश्चित किया गया । इस अंतरक्रियात्मक सत्र में समन्वयक विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र डॉ. ज्योति पाण्डेय, प्रो . संध्या रानी शाक्य, डॉ.भूपेन्द्र कुमार, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. रीना पंत,डॉ. अतुल कटियार, डा.सौरभ वर्मा, कल्चरल क्लब के सभी छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत - नो हेलमेट - नो फ्यूल का सफल आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ , जिलाधिकारी बरेली, उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक (तकनीकी), अपर जिलाधिकारी बरेली, पुलिस अधीक्षक (यातायात) बरेली तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) बरेली के सान्निध्य में, उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के स्वतंत्र अभियंता संदीप यादव एवं बरेली नैनीताल हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राज्य राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान नो हेलमेट - नो फ्यूल के अंतर्गत संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट किसी भी वाहन चालक को ईंधन उपलब्ध न कराया जाए। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आम नागरिकों में हेलमेट पहनने की आदत सभी को प्रोत्साहित करना है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार/ पुलिस अधीक्षक महोदय पीलीभीत के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान में 16 डग्गामार वाहनों सहित 143 वाहनों के चालान करते हुए कुल 1,87,500/- शमन शुल्क अधिरोपित किया गया साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है।



# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना गजरौला पर किया, थाना समाधान दिवस का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार/ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत महोदय द्वारा थाना गजरौला पर किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन, सुनी जनता की समस्याएं। दिनांक 13.09.2025 को जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा थाना गजरौला पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याओं को सुना गया। महोदय द्वारा शिकायतों/प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया तथा राजस्व संबंधी शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान तहसीलदार कलीनगर, थानाध्यक्ष गजरौला समस्त क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहे।



# अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामले में हुआ खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर पिस्टल से फायरिंग की गई थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है। किस पिस्टल से गोलियां चलाई गईं, इसका पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। शुक्रवार तड़के जिस वक्त फायरिंग हुई, इस वक्त दिशा पाटनी के पिता रिटायर्ड सीओ जगदीश चंद्र पाटनी, मां और बहन सेवानिवृत्त मेजर खुशबू पाटनी समेत तीन लोग घर में सो रहे थे। घटना के बाद फॉरेंसिक यूनिट ने भी मौका मुआयना किया। टीम को घर की छत के छज्जे और दीवार पर फायरिंग के कई निशान मिले हैं। फायरिंग चूंकि बाइक पर पीछे बैठे शख्स ने एक ही हथियार से की तो अनुमान लगाया जा रहा है कि वह विदेशी पिस्टल रही होगी, जिससे एक ही बार में नौ राउंड फायरिंग हो सकती है।





# फर्जी मतदाता, वेरिफिकेशन में हो रहा बड़ा खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। पंचायत चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण का कार्य जारी है जिसमें 3.95 लाख हैं। सबसे अधिक ब्लॉक में मिले हैं। 29 को जोड़ने और कार्य किया जा रहा है। का अंतिम प्रकाशन




डुप्लीकेट मतदाता पाए गए डुप्लीकेट मतदाता भदपुरा सितंबर तक नए मतदाताओं डुप्लीकेट नामों को हटाने का 15 जनवरी तक मतदाता सूची किया जाना है। जिले में मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत घर-घर जाकर नए मतदाताओं को जोड़ने का काम 29 सितंबर तक किया जाना है। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन भरे जा सकेंगे। हर हाल में 15 जनवरी तक निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कराया जाना है। फर्जी वोटरों का हो रहा सत्यापन अगर सभी 15 ब्लाकों की बात करें तो भदपुरा ब्लाक में सबसे अधिक 22 प्रतिशत डुप्लीकेट वोटर हैं। नवाबगंज में करीब 21 प्रतिशत और भुता में करीब 18 प्रतिशत डुप्लीकेट मतदाता हैं। पुनरीक्षण के साथ ही डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन भी कराया जा रहा है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान कार्यक्रम का होगा आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला चिकित्सालय भिनगा में 17 सितंबर को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भिनगा स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रक्तदान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष



मिश्रीलाल वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय कैराती, महामंत्री पवन आजाद, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जमुनहा राहुल जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश दिया जाएगा। वहीं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान में भागीदारी करने की अपील की। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया और युवाओं से सेवा भावना के साथ रक्तदान करने की प्रेरणा दी गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होगी, बल्कि समाज में सहयोग और एकजुटता का संदेश भी जाएगा। यह आयोजन सेवा, समर्पण और मानवता के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला है, जिसे लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि कार्यक्रम में भारी संख्या में युवा भाग लेंगे और यह सेवा अभियान समाज में प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# कलेक्टर चौधरी ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, समयसीमा में प्रकरण निपटाने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/शिवपुरी। कलेक्टर रवीन?द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर चौधरी ने राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए



नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और प्रत्येक अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने राजस?व वसूली, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा की और किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष बल दिया। साथ ही 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहते हुए किसानों व नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली के लक्ष्यों की पूर्ति, आरसीएमएस, भू-अर्जन, ट्राइबल जाति प्रमाण पत्र, शहरी पीएम आवास, निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण एवं राहत संबंधी विषयों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# विश्व हिंदू महासंघ ने ब्रह्मलीन संत अवैद्यनाथ महाराज जी की 11वीं पुण्यतिथि पर किया गया नमन

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार/ पीलीभीत विश्व हिंदू महासंघ भारत ने ब्रह्मलीन संत अवैद्यनाथ महाराज जी की 11वीं पुण्यतिथि पर पीलीभीत के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ भारत के पदाधिकारियों द्वारा ब्रह्मलीन संत अवैद्यनाथ महाराज जी की 11वीं पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया। परम पूज्य राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज जी की 11वीं पुण्यतिथि विश्व हिंदू महासंघ भारत पीलीभीत के कार्यालय



पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अवैद्यनाथ जी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर उनको श्रद्धासुमन अर्पण कर नमन किया गया। तत्पश्चात संगठन से जुड़े नये कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया गया। जिसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने पकड़िया नौगवां में स्थित अस्थाई कान्हा गौशाला में अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ गौ माता को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनकी सेवा की। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी गई। जिसमें तेजपाल गंगवार जी को जिला मंत्री, सुनील कुमार को पकड़िया नौगवां नगर अध्यक्ष व दीपक पाण्डेय, अजय शर्मा, शंकर लाल को नगर मंत्री व अमरिया ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश को नई जिम्मेदारियां देकर शुभकामनाएं दी। विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा जी के द्वारा बताया गया सभी नवीन पदाधिकारियों से आशा करता हूं कि वह सभी हमारे संगठन को नयी दिशा तथा ऊंचाइयों और संगठन मजबूत बनाने का काम करेंगे।

# यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान लगाए गए कैम्प

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा जनपद न्यायालय पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान यातायात कैम्प लगाया गया जिससे जनपद के विभिन्न स्थानों व बाहरी जनपदों से आये आम जनमानस को उनके लंबित ई-चालानों के निस्तारण हेतु न्यायालय में अनावश्यक न भटकना पड़े तथा उन्हें उनके चालान संबन्धी सम्पूर्ण व सही जानकारी देकर उनकी हर सम्भव मदद की जा सके इसके अलावा



ई-चालान का निस्तारण कराने आये आम जनमानस को प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा यातायात नियमों के बारे मे विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उन्हें वाहन का चालान कटने पर जमा होने तथा जिंदगी का चालान कटने पर जमा न हो पाने के क्रम समस्त को सड़क पर वाहन चलाते समय सदैव हैलमेट वा सीट बेल्ट अवश्य लगाने के बारे मे बताते हुए समस्त को सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई । इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान लगाए गए कैम्प की आम जनमानस ने काफी प्रशंसा करते हुए बताया कि यातायात पुलिस का यह कार्य आम लोगों के लिये बहुत ही मददगार साबित हुआ।

# पालिका कार्यालय में फैमिली कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / फैमिली कार्ड में परिवार की सारी जानकारी होती है पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता कोंच(जालौन) शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में फैमिली आईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्ड वितरण कार्यक्रम में भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन नगर पालिका के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शालू पडरी नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव सभासद विक्रम सिंह ठाकुर सभासद सीमा अहिरवार सभासद माधव यादव सभासद अनिल वर्मा सभासद दंगल सिंह यादव सभासद परशुराम वर्मा सभासद लकी दुबे सभासद रघुवीर कुशवाहा मनोज इकड़्या सभासद गौरव तिवारी सभासद रिजवान कुरैशी आदि मंचस्थ रहे इस फैमिली आईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम में नगर के इक्कीस लोगों को फैमिली आईडी कार्ड वितरित किये गये नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि फैमिली आईडी कार्ड प्रत्येक परिवार को दी जाने वाली एक बारह अंकों की अनूठी पहचान संख्या है। यह एक डिजिटल डेटाबेस बनता है जिसमें एक ही परिवार की सारी जानकारी शामिल होती है जिससे लोगों को इसका लाभ मिलता है ई ओ मोनिका उमराव ने कहा इस फैमिली आईडी कार्ड से लोग केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी ले सकते है और यह कार्ड आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता को समाप्त करता है क्योंकि सरकार का मुख्य उद्देश्य परिवार की पहचान करने में मदद करना है। इस अवसर पर पालिका के सफाई निरीक्षक सुनील कुमार जेई अरुण कुमार लेखाकार आशुतोष सिंह चौहान लिपिक विजय अवस्थी प्रभु दयाल कुशवाहा पवन वर्मा शहजादउद्दीन शिवम ताम्रकार रचना द्विवेदी सीमा बेगम मेसर जहां राम शरण राजा गुप्ता सरताज दीपेंद्र अग्रवाल अनुज पाटकार सचिन अग्रवाल राम कुमार महेंद्र पवन गौतम विनीत मिश्रा आशीष यादव शाहरुख प्रमोद वर्मा राम कुमार आशीष संजय विकास राजा संजय अग्रवाल ठेकेदार दिनेश सोनी रजनी राठोर आशा देवी महेंद्र कुमार अनिल कुमार बृज लाल अनिल माहेशरी संजय अग्रवाल उदय कनकने सहित तमाम लोग मौजूद रहे सफल संचालन अमित उपाध्याय पालिका ठेकेदार द्वारा किया गया

# मायावती ने दी चेतावनी: आंबेडकर के बारे में बयानबाजी न करें साधु-संत, उनकी विद्वता के बारे में वे नहीं जानते

बसपा प्रमुख मायावती ने आंबेडकर को लेकर एक संत द्वारा दिए बयान की निंदा करने हुए कहा कि



उनके बारे में बोलने से पहले सोचना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि आए-दिन सुर्खियों में बने रहने के लिए विवादित बयानबाजी करने वाले कुछ साधु-संतों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में नहीं बोलना चाहिए।बसपा सुप्रीमो ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब के अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इस बारे में कोई भी गलत बयानबाजी करने की बजाय चुप रहना ही उचित होगा। साथ ही, बाबा साहब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं, उसे भी अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर समझना चाहिए।यह भी मालूम होना चाहिए कि बाबा साहब महान विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-संत, उनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। लिहाजा इस बारे में भी कुछ कहने से पहले बचना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

# बरखेड़ा मंडल में स्थित ब्लॉक सभागार में आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के बरखेड़ा मंडल में स्थित ब्लॉक सभागार में आयोजित मंडलद्भकार्यशाला में 128 विधानसभा बरखेड़ा के माननीय विधायक स्वामी प्रवक्तानंद जी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री तुलाराम लोधी जी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सोनू वाल्मीकि जी के सानिध्य में भाजपा संगठन के आधार स्तंभ स्व0 दीनदयाल उपाध्याय जी व स्व0 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला विधिवत रूप से प्रारंभ की गई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन ष17सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । जिसमें रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर स्वच्छता अभियान और एक पेड़ मां के नाम आदि कार्यक्रम शामिल होंगे। साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किये गए जनहित कार्यों, उपलब्धियों के बारे में जनमानस को जागरूक किया जाएगा । प्रबुद्ध वर्ग के साथ सम्मेलन कर विभिन्न क्षेत्रों, कला, साहित्य, खेल, शिक्षा, विज्ञान आदि में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान के साथ-साथ संवाद होगा। कार्यशाला के इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप जी, मंडल महामंत्री दीपक सोनकर जी, मंडल उपाध्यक्ष युगल वर्मा जी , सम्मानित मंडल पदाधिकारी गण, शक्ति केंद्र संयोजक गण, शक्ति केंद्र प्रभारी गण आदि सम्मानितजनों की उपस्थिति रही ।

# जल्द मिल सकती रोडवेज बस की सौगात

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद के तहसील जमुनहा क्षेत्र में नानपारा गिरन्ट - बदला चौराहा मार्ग के आम आदमी को जिला मुख्यालय भिनगा से लेकर बहराइच, नानपारा पहुंचने के लिए न तो प्राइवेट बस सेवा है न ही रोड़वेज बस सेवा है। क्षेत्र की आम जनता की समस्या को लेकर कई बार खबरें प्रकाशित भी हुयी है। जिस पर शासन ने संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम लखनऊ को पत्र भेजकर जल्द ही रोड़वेज चलाने का निर्देश दिया है। राम प्रकाश सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रूपईडीह के साथ श्याम सुंदर राय सहायक यातायात निरीक्षक रूपईडीहा ने नानपारा गिरन्ट मार्ग पर पहुंचकर रोड़ का सर्वे करते हुए रोड पर जल्द रोडवेज बस सेवा चलाने की बात कही। इस दौरान क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# नशीली मिठाई खिलाकर परिवार को किया बेहोश, सोना-चांदी और नकदी लेकर मामू फरार

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार/ पीलीभीत में चोरी का अजीबो- गरीब मामला सामने आया है जहाँ शादी के घर में रिश्तेदार ने परिवार के सदस्यों को नशीली मिठाई खिलाकर बेहोश?? करके शादी के बनाए गये आभूषणों और घर में रखी नकदी को लेकर फरार हो गये। होश आने पर जब परिवार वालों के होश उड़ गये। परिजनों ने मामले में लिखित शिकायत पुलिस को दी है। पीलीभीत के थाना जहानाबाद इलाके के ग्राम सेमरखेड़ा निवासी नाजिम अली पुत्र जाहिद के अनुसार, 10 सितंबर को उनका मामू सोनी पुत्र अहमद शाह, जो सेथल थाना हाफिजगंज जनपद बरेली का निवासी है, मिठाई का डिब्बा लेकर आया। उसने मिठाई के एक-एक टुकड़े नाजिम और उसके परिवार को खिलाए। इसके बाद सोनी ने नाजिम के बड़े भाई कासिम और उनके परिवार को भी नशीली मिठाई दी। मिठाई खाने के बाद घर के सभी लोग बेहोश हो गए। इस दौरान सोनी ने नाजिम के घर से 6 तोला सोना, 10 तोला चांदी और 1 लाख रुपए नकद चुरा लिए और फरार हो गया। जब परिवार के सदस्य होश में आए तो घटना का पता चला। पीड़ित ने बताया कि 10 अक्टूबर को उनकी शादी थी, इसलिए उन्होंने आभूषण बनवाए थे जिनकी चोरी हुई। इस घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी जानकारी ली। सोनी द्वारा लाया गया मिठाई का डिब्बा भी पुलिस को सौंपा गया। पीड़ित ने पुलिस चौकी परेवा वैश्य में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ नीरज कुमार/ जालौन,,आमजनमानस की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने कोतवाली थाना जालौन पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता एवं गुण-दोष के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी मामला लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का समाधान न्यायसंगत एवं निष्पक्ष रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर एक रजिस्टर में दर्ज किया जाए और उनके समाधान की निर्धारित समय-सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करे, जिससे समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मवेशी तस्करी मामले में फरार 4 आरोपियों को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ मवेशी तस्करी मामले में फरार 4 आरोपियों को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, मवेशी तस्करी में प्रयुक्त पायलेटिंग व निगरानी करने तथा अपराध के आय से अर्जित 41 लाख रूपये कीमत के 4 वाहन किए गए जप्त, पूर्व में 3 आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार।



सूरजपुर। दिनांक 29.08.2025 को मवेशी तस्करी की सूचना पर थाना प्रतापपुर पुलिस ने 2 पिकअप में 10 मवेशी लोड़ कर ले जाते तीन आरोपी रामप्रसाद बरगाह, देवराज निवासी कांसदोहर थाना राजपुर व इब्ने अली निवासी अमनदोन थाना प्रतापपुर को पकड़ा गया था जिनके कब्जे से 10 मवेशी व 2 पिकअप वाहन जप्त कर छ.ग. राज्य कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 व पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1) घ के तहत कार्यवाही कर तीनों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में अन्य आरोपी फरार थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी अनूप एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस टीम के द्वारा फरार आरोपियों की पतासाजी के दौरान आरोपी तेज राम सोनवानी निवासी चौरा थाना राजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी फिरोज अंसारी, दीपक सोनवानी व सुरेन्द्र रवि भी मवेशी तस्करी में शामील थे जिसके बाद दबिश देकर इन तीनों को भी पकड़ा गया। मामले में आरोपी तेज राम सोनवानी पिता ढोला राम सोनवानी उम्र 41 वर्ष निवासी चौरा थाना राजपुर, फिरोज अंसारी पिता सुलतान अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी विजयनगर, चौकी विजयनगर, दीपक सोनवानी पिता स्व. श्याम बिहारी उम्र 30 वर्ष निवासी महाबीरगंज, सुरेन्द्र रवि पिता शिवनारायण उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दुप्पी महुआपारा थाना राजपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पायलेटिंग व निगरानी करने तथा अपराध के आय से अर्जित किए गए 1 बोलेरो, 1 हुण्डई आई-20 कार, 1 मारूती अर्टिगा कार, 1 टेक्ट्रर को जप्त किया गया है जिसकी कीमत करीब 41 लाख रूपये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक, एएसआई विरेन्द्र यादव, हरिशंकर यादव, आरक्षक राजेश तिवारी, सत्य नारायण सिंह, नौशाद, प्रकाश साहू, भीमेश आर्मो व जयप्रकाश पन्ना सक्रिय रहे।

## राघवेंद्र तिवारी को कांग्रेस पार्टी का फिर से नगर अध्यक्ष बनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा / कोंच(जालौन) जिला कांग्रेस पार्टी जालौन के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर ने संगठन का विस्तार करते हुये पार्टी का कोंच नगर अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से युवा नेता राघवेंद्र तिवारी को बनाया है राघवेंद्र तिवारी के नगर अध्यक्ष बनने से निश्चित ही नगर में पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी इस पार्टी के नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के बनने से पार्टी जनों में खुशी देखी गई है मिले नियुक्ति पत्र को लेकर जिला अध्यक्ष ने उनसे अपेक्षा की है कि वह अपने पद की गरिमा बनाए रखे और पार्टी के होने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाए और पार्टी की रीतियों नीतियों को जन जन



तक पहुंचाने का कार्य करे मनोनीत नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें नगर कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी है उस पर वह सक्रियता के साथ पार्टी काम करेंगे और पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिये लोगों को जोड़ने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं का वह पूरा सम्मान करेंगे और पार्टी में दलितों पिछड़े और अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से पार्टी में जोड़ेगे

## हिंदी दिवस पर बोली प्रधानाचार्या हिंदी हमारी मातृ भाषा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन) स्थानीय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी कोंच मे आज चौदह सितम्बर हिंदी दिवस की पूर्ब संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे छात्रा ओ ने बढ़े उत्साह के साथ विद्यालय मे पोस्टर, हस्तलिखित बैनर बनाकर दिखाए एबं हिंदी भाषा पर चर्चा की विद्यालय की प्रधानाचार्या




आभा तिवारी ने कहा की हिंदी हमारी मातृ भाषा है इसे हमें निरंतर बोलना और लिखना पढना चाहिए।14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया गया था, और इसी ऐतिहासिक निर्णय की याद में हर साल यह दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना और उसकी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करना इस दिन का मुख्य उद्देश्य है. विद्यालय के प्रवक्ता पंकज बाजपेई ने कहा कि हिंदी दिवस की पूर्ब संध्या पर विद्यालय मे छात्राओ को बहुत उत्साह है काफ़ी अच्छे तरीके से बच्चो ने इस दिवस को मनाया, छात्राओ ने हिंदी मे आपने वक्तव्य भी दिए कार्यक्रम का सफल और पूर्णत: हिंदी भाषा मे संचालन प्रभारी नरेंद्र सिंह ने किया इस अबसर पर विद्यालय के विवेक तिवारी, शैलेन्द्र यादव, रविशंकर आदि उपस्थित रहे अंत मे सभी का आभार प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने व्यक्त किया

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### माननीय न्यायालय के आदेश को कुचलकर किया जा रहा है अतिक्रमण

क्यूँ न लिखूँ सच/ अनुपम कुमार द्विवेदी / ग्राम पंचायत बड़कुड ग्राम बड़कूड के आराजी नंबर 954 जिसका संपूर्ण रकवा मध्य प्रदेश



शासन था इसमें बहुत सारे दखल रहित योजना के तहत 5 डिसमिल के बहुत सारे पट्टे दिए गए हैं इसी आरजी में बचे हुए अंश रकवा 10 डिसमिल जो मध्य प्रदेश शासन है उसमें बब्बू मुसलमान उर्फ शहाबुद्दीन द्वारा नवनिर्माण किया जा रहा था लेकिन अनुपम कुमार द्विवेदी द्वारा शिकायत की गई तहसीलदार महोदय द्वारा हल्का पटवारी को तत्काल जांच के लिए आदेश दिया हल्का पटवारी द्वारा जांच कर पंचनामा तैयार किया गया और माननीय न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय द्वारा अस्थाई स्थगन जारी कर निर्माण कार्य बंद करवाया जो 4 महीने से बंद था लेकिन बब्बू मुसलमान द्वारा सारे नियमों को कुचलते हुए सरहंगता से मकान का छत डाल दिया गया है क्या इन लोगों के लिए न्यायालय एक खिलौना है या फिर इनके आगे न्यायालय बेबस हो चुकी है

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुलिस अधीक्षक ने भटगांव थाना प्रभारी सफ़राज को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच/ सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के कुशल निर्देशन में फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया था, जिसके परिपालन में अपना विशेष



योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में स्थाई वारंटों को तामीली में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भटगांव थाना प्रभारी सफ़राज फिरदौसी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। फिरदौसी ने तत्परता से कार्य करते हुए ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके खिलाफ अदालत ने स्थाई वारंट जारी किए थे और उन्हें पकड़कर कोर्ट में पेश किया। स्थाई वारंट तामीली से न्याय प्रणाली के कार्यो को मजबूती मिलती है और पीड़ितों को जल्द न्याय की राह आसान होती है। उत्कृष्ट कार्य, तथा सम्मानित होने से कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

### चोरी के 2 समरसिबल पम्प सहित 1 आरोपी को चौकी खड़गवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ सूरजपुर। ग्राम पम्पापुर निवासी दिनेश कुमार ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बाड़ी में समरसिबल पम्प लगवाया था जिसे दिनांक




06-07.09.2025 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही लक्ष्मी उर्फ नटवा गिरी पिता परमेश्वर उम्र 27 वर्ष ग्राम केरता को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने समरसिबल पम्प चोरी करना स्वीकार कर ग्राम पम्पापुर से एक और समरसिबल पम्प चोरी को अपने 2 अन्य साथियों के साथ चोरी करना बताया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी का 2 नग समरसिबल पम्प जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले के 2 अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवा रघुवंश सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।

# सूरजपुर जिले के बिहारपुर-चांदनी में बड़ा फर्जीवाड़ा

## एक युवती दो विभागों से डबल वेतन ले रही, अतिथि शिक्षक भी दो स्कूलों में नौकरी करता रहा - हेड मास्टर की भूमिका संदिग्ध, DEO बोले होगी जांच




क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर सूरजपुर। जिले के दूरस्थ अंचल बिहारपुर-चांदनी में अजब-गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। सरकारी तंत्र की लापरवाही और विभागीय मिलीभगत ने शिक्षा व्यवस्था की नींव हिला दी है। यहां न केवल एक अतिथि शिक्षक बल्कि एक महिला शिक्षिका भी लंबे समय से फर्जीवाड़ा कर रही हैं।

### मामला नं. 1 - युवती की माया गुप्ता

बिहारपुर की रहने वाली माया गुप्ता ने वर्षों से दो विभागों में पदस्थ रहकर डबल वेतन का खेल खेला है। वे बिहारपुर-चांदनी के कन्या स्कुल विहारपुर अंग्रेजी स्कूल में शिक्षिका भी हैं और नवगई डाकघर में पोस्टमास्टर भी। गांव के लोग बताते हैं कि माया गुप्ता ने डाकघर को अपने घर से ही संचालित करना शुरू कर दिया था और साथ ही विद्यालय से वेतन भी नियमित उठाती रही। किसी को एक नौकरी मिलना कठिन है, लेकिन यहां एक ही युवती दो-दो जगह नियमित नौकरी कर रही है। - ग्रामीणों का आरोप।

### मामला नं. 2 - अतिथि शिक्षक का फर्जीवाड़ा

इससे पहले भी इसी विद्यालय से बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया था।ग्राम मकरोहर निवासी राजेश कुमार वैश्य पिछले चार सालों से सुबह कन्या स्कुल विहारपुर और दोपहर बाद मकरोहर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ( सिंगरौली, मप्र ) में पढ़ाते रहे। ग्रामीणों ने शिकायत कर खुलासा किया था, जांच भी शुरू हुई, मगर एक महीने से जांच का हवाला देकर फाइल दबा दी गई है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा -

आपके द्वारा जो जानकारी मिली है और माया गुप्ता का विवरण सामने आया है, उस पर गंभीरता से जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी

### प्राचार्य पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय प्राचार्य अरुण राठौर की भूमिका संदिग्ध है। एक ही स्कूल से जुड़े दो-दो बड़े फर्जीवाड़े बिना हेड मास्टर की जानकारी और संरक्षण के कैसे संभव हैं? लोगों ने मांग की है कि केवल दोषी शिक्षकों पर ही नहीं बल्कि प्राचार्य पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

**ग्रामीणों की नाराज़गी-** ग्रामीणों का आरोप है कि कन्या स्कुल विहारपुर बिहारपुर फर्जीवाड़ों का अड्डा बन चुका है। शिकायतों के बाद भी विभाग कार्रवाई नहीं करता और केवल जांच का हवाला देकर मामले दबा दिए जाते हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। एक ही विद्यालय से जुड़े दो बड़े फर्जीवाड़े अब जिला शिक्षा अधिकारी तक पहुँच चुके हैं। सवाल है कि क्या विभाग दोषियों पर सख्ती करेगा या जांच का हवाला देकर फिर मामले को दबा देगा?

# Fried food is the biggest cause of acid reflux, ignoring it can be costly

Acid reflux is a symptom of half-digested food coming back into the mouth, which causes pain, belching and heartburn. Avoid fried food and eat protein, whole grains, pulses and cooked vegetables. Eat small amounts more often and do stay active. These remedies can provide relief from relief from this by changing your lifestyle. Half-symptom of acid reflux. This causes problems like pain. If this problem persists, your food pipe can what is the problem of acid reflux and what can problems There are many food items that are different on everyone. Therefore, keep a track of food causes the most trouble Fried food contains fried food, more amount of acid starts to form in in the chest and throat. Eat these things to avoid content like grilled chicken and baked fish or Instead of eating refined foods with high sugar wheat. Eating fiber-rich foods helps digestion and Pulses and legumes: Include protein-rich foods like provide relief from reflux. They contain plenty of Cooked vegetables: Doing this makes vegetables to raw vegetables. Cooking vegetables also softens Doing this can also be beneficial Eat small



not sleep immediately after eating. Stay away from soda drinks and acid reflux. Fried food can give you acid reflux problems. You can get digested food and acid coming back into the mouth or throat is a stomach pain, belching, sourness in the mouth, vomiting and chest be damaged and your life can be affected. In this article, we will know be the ways to avoid it. How to find out which food is causing you considered to be the cause of acid reflux. But the effect of each food is your eating habits and note them down to identify your triggers. Fried the highest amount of fat, which takes more time to digest. Due to the stomach, which causes acid reflux. This causes a burning sensation acid reflux: Protein: Instead of fried food, eat things that have low fat pulses. They have high protein and low fat content. Whole grains: content, take fiber-rich whole grains, such as oats, brown rice, quinoa, reduces the risk of acid reflux. It also absorbs excess stomach acid. beans, lentils and chickpeas in your diet. They are low in fat and also iron and protein which makes you feel full and also reduces reflux. easier to digest and reduces the problem of acidity, especially compared the fiber present in them. This does not cause stomach pain or bloating. quantities more often - Eating small quantities five to six times a day can provide relief from stomach problems. Eating too much at one time can cause heartburn. Avoid sleeping or lying down immediately after eating- If you have eaten a full meal and go to lie down immediately after that, then there will be trouble in digesting the food properly. Soda drinks increase acid- This causes more acid to be produced in the stomach. Instead of this, keep drinking water in small quantities. Stay active- Sitting at one place can also cause acid reflux. Therefore, try to do at least 150 minutes of light exercise in a week.

# You will be surprised to see the beauty of these 5 places of North-East India, definitely plan to visit once

Are you also planning to visit the North-East States of India? If yes, then there are some places (North-East Travel Destinations) which you must visit at least once. These places are known for their natural beauty and culture. Let's beauty, there are also many unique forests East. A unique confluence of natural beauty, part of India. Nestled in the lap of the rivers, lush green forests and culture. If you are going to tell you about some special of these places. Let's know about these are found here the most in the world. It is or elephant rides. During this, you can see Situated on the banks of the Brahmaputra and nature lovers. Tawang Monastery, largest Buddhist monastery. Built in the 17th above sea level. The view here is captivating. this monastery is a center of peace and Cherrapunji, Meghalaya This place is famous for its living root bridge, dense forests people by bending the roots of trees.



know about these special places. North-East is known for its and water falls here. Make a plan to visit some places in North-wildlife, cultural diversity and peace is seen in the north-eastern Himalayas, this region is known for its lush green hills, flowing are planning to visit the North-East States of India, then we places here. You will be surprised to see the beauty and culture places. This park is home to one-horned rhinoceroses, which also a UNESCO World Heritage Site. Here you can enjoy jeep rhinoceroses, tigers, elephants, and various kinds of birds. River, this park is no less than a paradise for wildlife lovers Arunachal Pradesh It is India's largest and the world's second century, this monastery is located at an altitude of 10,000 feet Built amidst snow-covered mountains and valleys on all sides, spirituality. The calm and purity here soothes everyone. known for the highest rainfall in the world. Cherrapunji is and beautiful waterfalls. These bridges are made by the local Nohsngithiang Falls and Seven Sisters Falls are very special among the major waterfalls here. The greenery and peaceful air here refreshes the mind. Shillong, Meghalaya Shillong, the capital of Meghalaya, is also called the "Scotland of the East". The hills, lakes and waterfalls here make it a perfect tourist destination. Here you can go boating in Umiam Lake, visit Lady Hydari Park and see the beauty of Elephant Falls. Gangtok, Sikkim Gangtok, the capital of Sikkim, is known for its natural beauty. From here one can see a breathtaking view of the high peaks of the Himalayas. Here you can visit Tsomgo Lake and Nathula Pass. Gurudongmar Lake and Yumthang Valley in North Sikkim are also very special. The natural scenery and peaceful atmosphere here make it a memorable trip.

# Scarves enhance the beauty of every outfit, they add to the casual as well as professional look

Scarves are not just a means to avoid sun or tanning, they are also a fashion statement for girls. These days, scarves with new designs are very popular in the market with different outfits. These scarves are attracting the new scarves are in trend these days for college, look beautiful with many types of outfits, time ago actress Alia Bhatt was seen wearing not only silk, but scarves made of cotton, Girls of every age use them according to their designs, some have triangle shaped scarves. not only worn around the neck but are also or by wrapping it or as a top. If a scarf is However, the same type of scarf does not according to the occasion. Eco-friendly environment in mind. These scarves made skin. Bamboo fibers are soft and absorbent, durable and natural fiber that is around the neck and leave the ends loose. any outfit. Cotton or chiffon fabric is used on the waist. Many people tie scarves on their half and put it around your neck and tie the



generation a lot. Fashion experts are telling what kind of office or party. Scarves are very popular these days, they scarves are available in different fabrics and designs, some a silk scarf. People praised her cool look a lot. However, organza, chiffon fabrics are also selling a lot in the market. style. These scarves have all kinds of colors, some have floral Some scarves are longer in length. Scarf Styles Scarves are being used on the head, in bags, as a belt around the waist worn with any outfit, it enhances the beauty of the clothes. match with every outfit. Scarves should be selected scarves are those scarves which are made keeping the of cotton or bamboo are very comfortable and soft for the which is a suitable material for scarves. Jute is a strong, environmentally friendly. Casual Style Wrap the scarf once This is a comfortable and easy way that looks good with for this. As a belt, silk scarves can also be worn like a belt wrists or in ponytails. Fold the French knot style scarf in other end in a loop. You can create this style in office, meetings or while shopping. Silk scarves are best for this style. Attaching it to the bag Silk scarves can be tied to your bag or sandals, which will make your look attractive. Fashion designer Shilpi Gupta believes that every scarf tells a different story. Scarves are such accessories which are not very expensive. Girls should choose scarf styles and clothes according to their personality. If they are going to a party then organza or silk scarves will give a royal and glamorous look. If they are going to office then solid coloured scarves made of cotton or satin cloth look decent and beautiful. Similarly, it is easy to carry light and bright coloured chiffon scarves for college and due to being light, it does not take much effort to wash them.

